आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 06.09.2025 समय : 02.10pm

राहत राशि वितरण

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज सीएम निवास से 11 जिलों में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित 17 हजार 500 से अधिक किसानों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से 20 करोड रूपए की राहत राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री अशोकनगर, शिवपुरी, छतरपुर और रायसेन सहित अन्य जिलों के किसानों से संवाद भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि

शिवराजः प्रेस वार्ता

केंद्रीय कषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज भोपाल में प्रेस वार्ता में कहा कि जीएसटी रिफॉर्म में सुधार से कषि में सुनिश्चित लाभ मिलेगा। उन्होंने दूध और उससे निर्मित सभी उत्पादों पर लगने वाली कर दरों को कम किए जाने की जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पशुपालक, आजीविका एवं घरेलू ग्रामीण महिला दीदियों को लखपति दीदी बनने का सुनहरा अवसर भी प्राप्त होगा।

श्री चौहान ने कहा–

अनंत चतुर्दशी

प्रदेश भर में आज अनंत चतुर्दशी पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा जा रहा है। राजधानी भोपाल में सुबह से गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन करने से पूजा–अर्चना और आरती की जा रही हैं। शहर में देर रात तक विसर्जन का क्रम जारी रहेगा। सुरक्षा को लेकर पुलिस की जगह–जगह तैनाती की गई है। इंदौर शहर के विभिन्न मार्गों से झिलमिलाती नयनाभिराम झांकियां निकलेंगी।

मौसम

प्रदेश में भारी बारिश का दौर जारी है। पिछले 24 घंटो के दौरान, प्रदेश के सभी सभागों के जिलो में अधिकांश स्थानों पर बारिश दर्ज़ की गई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के 22 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। रतलाम, झाबुआ,मंदसौर और नीमच जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। वहीं, सिहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, धार, इंदौर, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, गुना, श्योपुरकला, और नरसिंहपुर जिलो में भारी बारिश का यलो अलर्ट है। अगले 2 दिन तक प्रदेश में तेज बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है।

धार जिले में वर्षा का दौर जारी है। लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। जिले में मौसम विभाग द्वारा जारी आरेंज अलर्ट को देखते हुए जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा सभी आंगनवाडी केंद्र और शासकीय और अशासकीय स्कूलों में आज शनिवार को एक दिन का अवकाश घोषित किया गया है।

एशिया कप हॉकी

पुरुष एशिया कप हॉकी के सुपर फ़ोर चरण के मैच में आज भारत का सामना चीन से होगा। यह मैच शाम साढ़े सात बजे बिहार के राजगीर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जाएगा। एक जीत और एक ड्रॉ के साथ भारतीय टीम चार अंक अर्जित करके अंक तालिका में शीर्ष पर है। प्रतियोगिता में अब तक अपराजित भारतीय टीम इस बार एशिया कप खिताब की प्रबल दावेदार है।

समाचार संक्षेप में.........

- पन्ना जिले के अमानगंज मे कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा है कि हम सब मिलकर मध्यप्रदेश को विकास के क्षेत्र में नंबर वन प्रदेश बनाएंगे।
- धार में जिला शिक्षक सम्मान समारोह समिति द्वारा 206 शिक्षकों और 13 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। समारोह में श्रीधर बर्वे शिक्षाविद एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य इंदौर ने संबोधित किया।
- शिवपुरी जिले में महिला स्वसहायता समूहों की आर्थिक उन्नति और पर्यावरण संरक्षण के लिए "एक बगिया मां के नाम" परियोजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत जिले के आठ विकासखंडों की 800 ग्राम पंचायतों में कुल 80 हजार पौधे लगाए जा रहे हैं।

----------------